Series ABCD5/5

SET No. 2

प्रश्न पत्र कोड 2/5/2

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **3** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **7** प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी (आधार)

# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 40*

***सामान्य निर्देश:***

***निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए:***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **वर्णनात्मक** प्रश्न पूछे गए हैं।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं- खण्ड **'क'** और खण्ड **'ख'**।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 7 प्रश्न पूछे गए हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।*

*(iv)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।*



ZOLLEGE.in

## खण्ड 'क'
## (कार्यालयी हिन्दी और रचनात्मक लेखन)

**1.** निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग 150 से 200 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए : $1\times5=5$

(क) कामकाजी महिला की एक सुबह

(ख) कम्प्यूटर का बढ़ता प्रभाव

(ग) खाली जेब बाज़ार में एक दिन

**2.** (क) आपका नाम प्रशान्त/प्रतीक्षा है। आप अपने विद्यालय में 'तुलसी-जयंती' मनाना चाहते हैं। इस संबंध में अपने प्राचार्य को पत्र लिखकर कार्यक्रम के संबंध में अनुमति माँगिए और उनसे कार्यक्रम की अध्यक्षता करने का अनुरोध कीजिए। 5

**अथवा**

(ख) आप अकबर/अमीना हैं। आप इसी वर्ष 18 वर्ष के हुए हैं। आपने ऑनलाइन मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा मतदाता पहचान-पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया है। लेकिन आपके पास इस संबंध में कोई सूचना नहीं आई है। इस संदर्भ में निर्वाचन आयुक्त को शिकायती पत्र लिखिए।

**3.** (क) (i) कहानी के संवादों का नाट्य रूपांतरण करते समय किन तथ्यों का ध्यान रखना आवश्यक है और क्यों? 3

**अथवा**

(ii) कहानी में वर्णित पात्रों का चरित्र-चित्रण, नाटक में किस प्रकार दिखाया जाता है ?

(ख) (i) मंच पर अभिनीत किए जाने वाले नाटकों से रेडियो नाट्य लेखन में क्या अंतर है और क्यों ? 2

**अथवा**

(ii) कथानक से आप क्या समझते हैं। कहानी या नाटक में इसे केंद्रीय बिन्दु क्यों माना जाता है ?

**4.** (क) (i) समाचार-पत्र में 'संपादक के नाम पत्र' स्तंभ का क्या महत्त्व है और क्यों ? 3

**अथवा**

(ii) 'विशेष लेखन' का क्या आशय है ? इसकी भाषा शैली कैसी होनी चाहिए और क्यों ?

(ख) (i) अच्छे फीचर की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

**अथवा**

(ii) विशेष लेखन के दायरे में आजकल किन विषयों को अधिक महत्त्व मिल रहा है ? किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों का उल्लेख कीजिए।



ZOLLEGE.in

## खण्ड 'ख'
## (पाठ्यपुस्तक और अनुपूरक पाठ्यपुस्तक)

**5.** निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2\times3=6$

(क) फिराक गोरखपुरी की गजल में किस प्रकार की भावनाएँ और भाषा शैली का प्रयोग हुआ है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''उहाँ राम लछिमनहि निहारी। बोले बचन मनुज अनुसारी''
तुलसीदास द्वारा रचित उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट करते हुए अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) 'उषा' कविता में प्रकृति में होने वाले परिवर्तन, मानवीय जीवन के चित्र बनकर अभिव्यक्त हुए हैं, कैसे ? स्पष्ट कीजिए।

**6.** निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए : $3\times3=9$

(क) 'पहलवान की ढोलक' पाठ में 'शेर के बच्चे' की उपाधि से किसे संबोधित किया गया है और क्यों ?

(ख) 'आप लोगों के हिस्से में तो हमसे बहुत ज्यादा नमक आया है।' 'नमक' कहानी में सफ़िया के भाई का यह कथन किस संदर्भ में आया है ? इसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'श्रम विभाजन और जाति-प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए कि रुचि और क्षमता के आधार पर श्रम विभाजन न किए जाने पर कौन से दुष्परिणाम निकलते हैं ?

(घ) 'मेरी कल्पना का आदर्श समाज' पाठ के आधार पर लिखिए कि किन तीन दृष्टियों से मनुष्य समान नहीं होते ?

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

(क) (i) मोहन जो-दड़ो की सभ्यता और संस्कृति का सामान भले अजायबघरों की शोभा बढ़ा रहा हो, शहर जहाँ था अब भी वहीं है, कैसे ? ''अतीत में दबे पाँव'' के आधार पर समझाइए। 3

**अथवा**

(ii) ''हमारे सीने पर चमकता पीला सितारा सारी दास्तान खुद ही कह देता था'' – ऐन फ्रैंक की ''डायरी के पन्ने'' पाठ के आधार पर कथन को स्पष्ट कीजिए।

(ख) (i) 'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए कि ऐन फ्रैंक के मन में प्रकृति के प्रति असीम प्रेम था। 2

**अथवा**

(ii) नगर नियोजन की दृष्टि से मोहन जो-दड़ो अनूठी मिसाल कैसे है ? उदाहरण सहित लिखिए।



ZOLLEGE.in

ZOLLEGE.in